SDERA
SCHOOL DRUG EDUCATION AND ROAD AWARE

## अभिभावक तथ्य पत्र 4:

# आइस/मेथैम्फेटामाइन के बारे में

ड्रग खाद्य-पदार्थ के अलावा एक ऐसा अन्य पदार्थ होता है जिसका सेवन शरीर और/या मन के काम करने के तरीके को बदलने के लिए किया जाता है।

मूड (मनोदशा) बदलने वाली ड्रग्स को मनोवैज्ञानिक ड्रग्स कहते हैं। ये किसी व्यक्ति के सोच-विचार करने, अनुभव तथा व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित कर सकती हैं।

## मेथैम्फेटामाइन क्या है?

मेथैम्फेटामाइन एम्फ़ैटेमिन-प्रकार की एक उत्तेजक औषधि होती है जो मस्तिष्क और केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के कार्य को तेज़ करती है। यह तीन प्रकार में उपलब्ध है:

- स्पीड - पाउडर या गोली
- बेस - गाढ़ा, तेलीय पदार्थ
- आइस - क्रिस्टल या दानेदार, क्रिस्टल-जैसा पाउडर

इसपर निर्भर करते हुए कि कौन से प्रकार का प्रयोग किया जाता है, मेथैम्फेटामाइन का सेवन इसे निगलकर, नासिका के रास्ते सूंघ कर, धूम्रपान करके या इंजेक्शन के द्वारा किया जा सकता है और हरेक प्रकार के प्रयोग के अपने-अपने खतरे हैं।

उस परिस्थिति को मनोविकार कहते हैं जब व्यक्ति को मतिभ्रम, भ्रांति और पागलपन का अनुभव होता है: ये लक्षण आम-तौर पर व्यक्ति के मेथैम्फेटामाइन का प्रयोग बंद करने के कुछ दिन बाद दूर हो जाते हैं।

## मेथैम्फेटामाइन के प्रभाव

मेथैम्फेटामाइन के प्रभाव हर व्यक्ति में अलग-अलग होते हैं और इसपर निर्भर करते हैं कि किस प्रकार की ड्रग और इसकी कितनी मात्रा का प्रयोग किया गया है, व्यक्ति कैसा महसूस कर रहा है और वह इस ड्रग का प्रयोग कहाँ कर रहा है। (और अधिक जानकारी के लिए *अभिभावक तथ्य पत्र 3: यह केवल ड्रग (नशीले पदार्थों) के बारे में नहीं है* देखें जो SDERA की वेबसाइट पर उपलब्ध है।)

मेथैम्फेटामाइन के प्रयोग के कुछ शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव हैं:

- भूख लगने में कमी
- संभोग करने की अधिक चाह होना, यौन उत्तेजित महसूस करना
- दांतों का घिसना और जबड़ों का जकड़ना
- विरोधी होना
- असामान्य खतरे मोल लेना
- चिंतित, घबराए हुए और आक्रामक महसूस करना
- दिल की धड़कन और रक्तचाप अधिक होना
- आंख की पुतलियाँ बड़ी होना, पसीना आना
- नींद आने में परेशानी आना और बेचैनी होना
- तेज़-तेज़/अनियमित रूप से सांस आना, सीने में दर्द होना
- विश्वस्त, सतर्क, क्रियाशील एवं सशक्त महसूस करना।

यदि व्यक्ति मेथैम्फेटामाइन का प्रयोग अधिक अवधि के लिए या बार-बार करता है, तो उन्हें निम्नलिखित क्षति होने की संभावना अधिक होती है:

- उनींदापन और थकावट
- अनिद्रा
- कुपोषण
- सहिष्णुता और निर्भरता
- क्रोध का आवेग
- दांत संबंधी समस्याएँ
- स्कूल के काम में कमी या स्कूल में उपस्थिति कम होना
- पुलिस के साथ परेशानी में पड़ना
- अवसाद, बेचैनी और मूड (मिजाज) बदलना
- रिश्ते टूटना
- दौरे पड़ने और दिल का दौरा पड़ने का खतरा
- स्मरण-शक्ति और ध्यान केन्द्रित करने संबंधी समस्याएँ
- मनोविकार होने की अवधियाँ

## मेथैम्फेटामाइन: गाड़ी चलाना और कानून

मेथैम्फेटामाइन का प्रयोग करना, इन्हें अपने पास रखना, इनकी सप्लाई या निर्माण करना ग़ैर-कानूनी है। मेथैम्फेटामाइन के प्रभाव में गाड़ी चलाने से आप ज़रूरत से अधिक विश्वसत महसूस कर सकते/सकती हैं, खराब फैसले ले सकते/सकती हैं और आपका व्यवहार जोखिम उठाने वाला हो सकता है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में पुलिस को एम्फ़ैटेमिन प्रकार के उत्तेजकों के लिए ड्राइवरों का टेस्ट करने का अधिकार प्राप्त है।

CC BY NC ND

GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

## आपातिक-स्थिति में क्या करें



मेथैम्फेटामाइन के छोटी मात्राओं का प्रयोग करने की स्थिति में भी इसका सेवना अधिक मात्रा में हो सकता है। जब कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में इसका सेवन करता है, तो वह अकस्मात और गंभीर सिरदर्द, दिल की धड़कन का तेज़, अनियमित या कमज़ोर होने, शरीर के तापमान के बढ़ने, मनोविकार का अनुभव कर सकता है या उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

यदि आपको यह चिंता है कि मेथैम्फेटामाइन और/या अन्य नशीले पदार्थों का प्रयोग करने के कारण कोई व्यक्ति खतरे में हो सकता है, तो तुरंत ही 000 पर फ़ोन करें। पैरामेडिक्स (सहायक-चिकित्सा कर्मचारी) आम-तौर पर पुलिस को केवल उसी परिस्थिति में शामिल करेंगे यदि वे खुद को संकट में महसूस करें, उन्हें लगे कि दूसरे लोग संकट में हैं, कोई अपराध किया गया है या फिर यदि किसी की मृत्यु होती है।

## सहायता एवं सलाह लें



आप अकेले नहीं हैं। ऐसी सेवाएँ हैं जिनका प्रयोग आप अपनी परिस्थिति के लिए श्रेष्ठ सहायता प्राप्त करने हेतु कर सकते/सकती हैं। आप अपने डॉक्टर, अपनी स्थानीय सामुदायिक एल्कोहल एवं ड्रग सेवा से भी बात कर सकते/सकती हैं या:

### जानकारी के लिए

**SDERA**
फ़ोन: (08) 9402 6415
ई-मेल: sdera.co@education.wa.edu.au
वेबसाइट: www.sdera.wa.edu.au

**ऑस्ट्रेलियन एल्कोहल एंड ड्रग फाउंडेशन**
वेबसाइट: www.adf.org.au

**Drug Aware**
वेबसाइट: www.drugaware.com.au

### सहायता के लिए

**मेथ हेल्पलाइन**
24/7 नि:शुल्क एवं गोपनीय, सलाह एवं रेफरल
फ़ोन: 1800 874 878
ई-मेल: alcoholdrugsupport@mhc.wa.gov.au
वेबसाइट: alcoholdrugsupport.mhc.wa.gov.au

**एल्कोहल एंड ड्रग स्पोर्ट लाइन**
फ़ोन: (08) 9442 5000
फ़ोन: 1800 198 024 (ग्रामीण इलाकों से फ़ोन करने वालों के लिए)
ई-मेल: alcoholdrugsupport@mhc.wa.gov.au

**पेरेंट एंड फैमिली ड्रग स्पोर्ट लाइन**
फ़ोन: (08) 9442 5050
फ़ोन: 1800 653 203 (ग्रामीण इलाकों से फ़ोन करने वालों के लिए)
ई-मेल: alcoholdrugsupport@mhc.wa.gov.au

**एबोरिजनल एल्कोहल एंड ड्रग सर्विस**
फ़ोन: (08) 9221 1411
ई-मेल: info@aada.org.au
वेबसाइट: www.aads.org.au

### अनुवाद सेवाएँ

यदि अंग्रेज़ी आपकी प्रथम भाषा नहीं है, तो आप अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा के माध्यम से मुफ़्त अनुवाद सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं।
फ़ोन: 131 450

### बोलने या सुनने संबंधी समस्याएँ

यदि आप बहरे हैं या आप सुनने या बोलने के किसी विकार से ग्रस्त हैं, तो नेशनल रिले सेवा से संपर्क करें
फ़ोन: 1800 555 660
ई-मेल: helpdesk@relayservice.com.au
वेबसाइट: www.relayservice.gov.au